(1)

# साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

## कार्य परिषद् की बैठक

**दिनांक 19 अगस्त 2014, स्थानः होटल पलाश रेसीडेंसी, भोपाल**

## कार्यवाही विवरण

साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की प्रथम बैठक दिनांक 19 अगस्त 2014 को प्रातः 11.00 बजे होटल पलाश रेसीडेंसी के बोर्ड रूम में कार्य परिषद् की अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. शशिप्रभा कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय कार्य परिषद् की बैठक में निम्नानुसार सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो.शशिप्रभा कुमार, कुलपति, साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय
2. श्री के.के.सिंह, प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन
3. श्री जितेन्द्र सिंह, उप–सचिव, वित्त विभाग (प्रतिनिधि सदस्य), मध्यप्रदेश शासन
4. प्रो. गेशे सेमटेन, कुलपति, केन्द्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ, वाराणसी (साधारण परिषद् द्वारा नामित सदस्य)
5. श्री सागरमल जैन, शाजापुर (म.प्र.) (साधारण परिषद् द्वारा नामित सदस्य)
6. प्रो. सिद्धेश्वर रामेश्वर भट्ट, नई दिल्ली (साधारण परिषद् द्वारा नामित सदस्य)
7. श्री राजेश गुप्ता, प्रभारी अधिकारी, साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय (विशेष आमंत्रित, साधारण परिषद् द्वारा नामित कुलसचिव)

साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय कार्य परिषद् के सदस्यों के समक्ष विश्वविद्यालय से सम्बंधित विचारणीय बिन्दुओं को प्रस्तुत किया गया जिसमें चर्चा उपरांत निम्नानुसार बिन्दुवार निर्णय लिये गये :–

| प्रस्तावित एजेण्डा | पारित निर्णय |
|---|---|
| **एजेण्डा क्र.1 :** साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय भर्ती बोर्ड का गठन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सेवा परीक्षा नियम 2014 की धारा 2(च) के अंतर्गत प्रावधानित गैर शैक्षणिक भर्ती बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को पारित किया गया। भर्ती बोर्ड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य सहित कम से कम तीन सदस्यों की उपस्थिति को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया।<br>चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती संविदा के आधार पर करने का सुझाव कार्य परिषद द्वारा दिया गया। |
| **एजेण्डा क्र.2 :** साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में सृजित पदों की भर्ती प्रक्रिया का अनुमोदन | कार्य परिषद द्वारा साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में सृजित पदों की भर्ती प्रक्रिया हेतु निर्मित नियम व प्रक्रिया को प्रश्न–पत्र निर्माण समिति का समावेश करते हुए अनुमोदित किया गया। लिखित परीक्षा एवं Proficiency परीक्षा में विश्वविद्यालय के सामान्य सेवा भर्ती नियम 2014 के परिशिष्ट 3 में वर्णित योग्यता/आवश्यकताओं के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार किये जाने का निर्णय लिया गया। शैक्षणिक पदों हेतु UGC guidelines के अनुसार भर्ती करने का निर्णय लिया गया। |

| | |
|---|---|
| **एजेण्डा क्र.3** : साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय वित्त समिति के सदस्यों का नामांकन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की वित्त समिति में कार्य परिषद् से निम्न तीन सदस्यों को सर्वसम्मति से वित्त समिति हेतु नामांकित किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया–<br>1. प्रो. गेशे सेमटेन,<br>2. डॉ. एस आर भट्ट<br>3. कुलसचिव सांची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय |
| **एजेण्डा क्र.4** : साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की क्रय–प्रक्रिया का अनुमोदन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की क्रय–प्रक्रिया के संबंध में निर्मित नियमों को निम्न प्रस्तावों सहित पारित किया गया।<br>1. सामग्री क्रय हेतु LUN की आरक्षित सूची का पालन किया जाए।<br>2. सांपातिक प्रकृति (proprietary) की वस्तुओं का निर्धारण विश्वविद्यालय की क्रय समिति द्वारा किया जाएगा।<br>3. सीमित निविदा प्रणाली में प्रस्तावित सीमा राशि रूपये 25,000/– रख कर म. प्र. शासन के द्वारा समय–समय पर किये परिवर्तन के अनुसार स्वतः संशोधन होगा।<br>4. अति आवश्यकता की स्थिति में सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी की समिति द्वारा क्रय की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से विवरण सहित लिपिबद्ध करते हुए कार्य परिषद् से कार्योत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रय करने के अधिकार देने का निर्णय लिया गया। |

| | |
|---|---|
| **एजेण्डा क्र.5 :** साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के अंतर्गत गठित समितियों के सदस्यों को देय मानदेय, मार्ग व्यय, यात्रा भत्ता के निर्मित नियमों का अनुमोदन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित समिति के सदस्यों को दिये जाने वाले मानदेय के प्रस्ताव को विशिष्ट अधिनियमों के अंतर्गत स्थापित किये गये विश्वविद्यालयों एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों में प्रचलित मानदेय, मार्ग व्यय, यात्रा भत्ता की तुलना के आधार पर एवं साँची विश्वविद्यालय के अन्तराष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखते हुए संशोधित कर कार्य परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। तब तक समितियों के इन सदस्यों को मानदेय, मार्ग व्यय एवं यात्रा भत्ता पूर्वानुसार साँची विश्वविद्यालय के mentor group के समतुल्य दिये जाने का निर्णय कार्य परिषद् द्वारा लिया गया। |
| **एजेण्डा क्र.6 :** साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के छात्रावास, अतिथिगृह एवं अधिकारी आवासों को सुसज्जित किये जाने के नियमों/मापदण्डों का अनुमोदन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के अधिकारी आवास, छात्रावास एवं अतिथिगृह को सुसज्जित किये जाने के संबंध में निर्मित नियमों को मध्यप्रदेश में विशिष्ट अधिनियमों के अंतर्गत स्थापित किये गये विश्वविद्यालय एवं अन्य विश्वविद्यालयों में प्रचलित नियमों के अनुरूप एवं साँची विश्वविद्यालय के अन्तराष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव को संशोधित कर कार्य परिषद की आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। |

| | |
|---|---|
| **एजेण्डा क्र.7** : साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी हेतु दूरभाष/चलभाष प्रदाय किये जाने के नियमों का अनुमोदन | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी हेतु दूरभाष/चलभाष प्रदाय किये जाने के संबंध में निर्मित नियमों को कार्य परिषद द्वारा दूरभाष/चलभाष के संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आदेशों एवं अन्य विश्वविद्यालयों में प्रचलित नियमों के आधार पर एवं साँची विश्वविद्यालय के अन्तराष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखते हुए संशोधित कर कार्य परिषद की आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| **एजेण्डा क्र.8** : साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय हेतु वाहन क्रय के प्रस्ताव का अनुमोदन व उसके रख रखाव एवं पीओएल के मापदण्ड का निर्धारण | साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय हेतु वाहन क्रय किये जाने के प्रस्ताव को कार्य परिषद द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों में उपयोग में लिये जा रहे वाहनों के अनुरूप एवं साँची विश्वविद्यालय की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार किये जाने, वाहनों के रखरखाव एवं पीओएल के मापदण्डों का निर्धारण के संबंध में कार्य परिषद् की आगामी बैठक में पुनः चर्चा किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| **एजेण्डा क्र. 9** : साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के अधोसंरचना विकास हेतु ग्लोबल स्तर के वास्तुविदों की सेवायें लिये जाने के संबंध में EOI/RFP जारी किये जाने की अनुमति | बैठक में विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। प्रमुख सचिव संस्कृति श्री के. के. सिंह ने आर्किटेक्ट चयन एवं निर्माण का कार्य पीडब्लूडी विभाग को देने का मत दिया जबकि कार्य परिषद् के अन्य सदस्यों ने पीडब्लूडी के कार्य की गुणवत्ता पर संशय व्यक्त किया। आगामी बैठक में पुनः चर्चा कर निष्कर्ष पर पहुँचने का निर्णय लिया गया। |

| | |
|---|---|
| **एजेण्डा क्र.10 :** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा | कार्य परिषद् के सदस्य प्रो.सिद्धेश्वर भट्ट द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय संगोष्ठी को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई एवं इस विषय के शैक्षणिक स्वरूप के कारण इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण विद्या–परिषद् द्वारा पारित किये जाने का निर्णय लिया गया। |

चर्चा उपरांत कार्य परिषद् की अध्यक्षा प्रो. डॉ. शशिप्रभा कुमार, कुलपति, साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

शशिप्रभा कुमार
22/8/14

**प्रो. डॉ. शशिप्रभा कुमार**
कुलपति एवं कार्य परिषद् अध्यक्ष
साँची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय